Ans. (d) राजस्थान के दक्षिणी-पूर्वी आर्द्र मैदानी कृषि-जलवायु प्रदेश के अंतर्गत कोटा, बूंदी, झालावाड़ और बारां जिले आते हैं। राजस्थान के इस जलवायु प्रदेश में चावल-गेहूँ-सोयाबीन का फसली प्रारूप पाया जाता है। इस क्षेत्र में 650–1000 मिमी. औसत वार्षिक वर्षा होती है।

1448. निम्नलिखित में से कौन से जिले में सर्वाधिक परती भूमि है?

(a) जोधपुर (b) चुरू
(c) उदयपुर (d) जैसलमेर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019

Ans. (a) राजस्थान राज्य का मात्र 11% भूभाग ही कृषि योग्य है, जिस पर कृषि की जाती है। राज्य के पश्चिमी उत्तरी भाग में स्थित जोधपुर जिलों में सर्वाधिक परती भूमि है। जबकि सर्वाधिक बंजर भूमि वाला जिला जैसलमेर है।

1449. निम्नलिखित में से कौनसा जिला शुष्क पश्चिमी कृषि जलवायु प्रदेश में सम्मिलित किया जाता है?

(a) पाली (b) सीकर
(c) नागौर (d) बीकानेर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019

Ans. (*) राजस्थान को 10 कृषि जलवायु प्रदेशों में विभाजित किया गया है। उपर्युक्त विकल्पों में कोई भी विकल्प सही नहीं है। क्योंकि शुष्क पश्चिमी मैदान (I-A) के क्षेत्र में बाड़मेर व जोधपुर आते हैं। जबकि पाली, लूनी बेसिन (II-B) में सीकर व नागौर अन्तःप्रवाह शुष्क क्षेत्र (II-A) तथा बीकानेर अतिशुष्क आंशिक सिंचित क्षेत्र (IC) कृषि जलवायु क्षेत्र में स्थित है।

1450. राजस्थान के दक्षिण -पूर्वी पहाड़ी क्षेत्रों में आदिवासियों द्वारा उपयोग में ली जाने वाली कृषि की विधि को कहते हैं-

(a) बालरा (b) कुमारी
(c) खील (d) दिप्पा

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (a) राजस्थान के दक्षिण -पूर्वी पहाड़ी क्षेत्रों में आदिवासियों द्वारा उपयोग में ली जाने वाली कृषि विधि को 'वालरे' या 'वाल्टरे' कहते हैं। यह एक प्रकार की चलायमान (झूम) कृषि।

1451. राजस्थान के किस प्रशासनिक संभाग में सर्वाधिक मक्का का उत्पादन होता है?

(a) उदयपुर (b) भरतपुर
(c) कोटा (d) बीकानेर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (a) राजस्थान के उदयपुर प्रशासनिक संभाग में सर्वाधिक मक्का का उत्पादन होता है। राजस्थान के मक्का उत्पादक प्रमुख जिले हैं- चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बासवाड़ा, उदयपुर।

1452. निम्नलिखित में से कौनसी फसल राजस्थान के आर्द्र दक्षिणी मैदानी कृषि जलवायु खण्ड के लिए उपयुक्त नहीं है?

(a) गेहूँ (b) दालें
(c) चावल (d) जीरा

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019

Ans. (d) गेहूँ, दाल एवं चावल राजस्थान के आर्द्र दक्षिणी मैदानी कृषि जलवायु खण्ड के लिए उपयुक्त है जबकि इस जलवायु खण्ड के लिए जीरा की फसल उपयुक्त नहीं है। नागौर, सिरोही, बाड़मेर, पाली, अजमेर और जालौर प्रमुख जीरा उत्पादक जिले हैं।

1453. 'खस' विशेषकर उत्पादित होती हैः

(a) उदयपुर (b) भरतपुर
(c) चित्तौड़गढ़ (d) डूंगरपुर

कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) खस घास राजस्थान के भरतपुर तथा अजमेर जिलों में सर्वाधिक उत्पादित की जाती है। इसका प्रयोग सौन्दर्य प्रसाधन, सुगंधित तेल तथा सुगंधित शरबत बनाने में किया जाता है।

1454. राजस्थान के कौन-से जिले में 2015-16 में मक्का की सर्वाधिक उत्पादकता (कि.ग्रा/हैक्ट.) रही?

(a) बारां (b) बूंदी
(c) चित्तौड़गढ़ (d) अलवर

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) वर्ष 2015–16 में राजस्थान में मक्का की सर्वाधिक उत्पादकता (कि.ग्रा./है.) बूंदी में थी। राजस्थान में सर्वाधिक मक्का उत्पादक जिला भीलवाड़ा (248191 किग्रा./हे.) है। कृषि अनुसंधान केन्द्र बांसवाड़ा द्वारा मक्का की माही कंचन एवं माही धवल किस्म तैयार की गयी है।

1455. निम्नलिखित में से कौन सा फल राजस्थान में मुख्यतः सिरोही जिले द्वारा उत्पादित किया जाता है?

(a) अनार (b) चीकू
(c) माल्टा (d) आम

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) राजस्थान के सिरोही जिले में सौंफ तथा चीकू का सर्वाधिक उत्पादन होता है।

1456. राजस्थान में निम्नलिखित में से किस जिले में अफीम का सर्वाधिक उत्पादन होता है?

(a) गंगानगर (b) हनुमानगढ़
(c) चित्तौड़गढ़ (d) चुरु

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) राजस्थान के अफीम उत्पादक जिले- चित्तौड़गढ़, बारां, बूंदी, कोटा, बासवाड़ा, झालावाड़, भीलवाडा है।

1457. 'बीड' निम्न जिलों में पाए जाते हैं-

(a) कोटा, बूंदी, सिरोही
(b) जयपुर, अलवर, टोंक
(c) सीकर, जोधपुर, बीकानेर
(d) भीलवाड़ा, अजमेर, पाली

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (c) सीकर, जोधपुर, बीकानेर, चुरू आदि जिलों में मिलने वाले घास के मैदान व चारागाह को स्थानीय भाषा में 'बीड' कहा जाता है।

1458. राजस्थान में कृषि की कुछ प्रमुख विशेषताओं के संदर्भ में निम्न में से कौन से सही है?

(1) खाद्यान्न फसलों की प्रधानता
(2) मानसून तटस्थ कृषि